हरिभूमि
# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 1 मार्च 2026

04 पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस पर...



07 करीला मेला में श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्ग तय किए, सुरक्षा ...





## समाचार संक्षेप

### मालगाड़ी की टक्कर से ग्रामीण की मौत



**गुना (हरिभूमि न्यूज)** । जिले के म्याना रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ ट्रेन की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान दिलीप पुत्र रामभरोसा जाटव (35) निवासी माता मोहल्ला म्याना के रूप में हुई है। घटना शनिवार शाम करीब 4:10 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक मालगाड़ी गुना से ग्वालियर की ओर जा रही थी, इसी दौरान दिलीप पटरी पर ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दिलीप की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। ग्रामीणों और परिजनों के मुताबिक, मृतक पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से विक्षप्त था, जिसके चलते संभवतः वह ट्रेन की आहट नहीं समझ सका। सूचना मिलते ही म्याना थाना पुलिस और रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल गुना भेज दिया है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है कि हादसा किन परिस्थितियों में हुआ। इस घटना के बाद से माता मोहल्ला क्षेत्र में शोक की लहर है।

### वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला गुना का स्थापना दिवस व सम्मेलन संपन्न




**गुना (हरिभूमि न्यूज)** । वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला गुना का स्थापना दिवस एवं जिला सम्मेलन उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने सहभागिता कर शुभकामनाएं दीं तथा मानस भवन में आयोजित गुलाब प्रदर्शनी में आमंत्रित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर तिलक, माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। मंच संचालन रनीश जैन ने किया तथा संघ गीत प्रताप सिंह परिहार ने प्रस्तुत किया।सम्मेलन में अखिल भारतीय संगठन मंत्री सुरेश पालीवाल, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप गोलवलकर, प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर व्यास सहित विभिन्न पदाधिकारियों ने संबोधित किया। जिले में 143 आजीवन सदस्य बनने पर गुना को देश में सर्वाधिक सदस्यता वाला प्रथम जिला घोषित करते हुए बधाई दी गई। 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।जिला अध्यक्ष बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यकारिणी भंग करने का प्रस्ताव रखा, जिसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया में राजेश श्रीवास्तव को नवीन अध्यक्ष एवं पी.एम. अत्रे को कोषाध्यक्ष घोषित किया गया। अंत में वंदे मातरम प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### दुकानदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**गुना (हरिभूमि न्यूज)** ।शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बूढ़े बालाजी इलाके में शनिवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई। यहां 55 वर्षीय किराना दुकानदार अशोक राठौर ने अपने घर के सामने स्थित किराने की दुकान में रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार जब वे सुबह दुकान पहुंचे तो अशोक राठौर फांसी के फंदे पर लटके मिले। परिजन तत्काल उन्हें फंदे से उतारकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। बताया गया कि मृतक हाट बाजार में अनाज का कारोबार करते थे और लंबे समय से किराना दुकान का संचालन भी कर रहे थे। परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है, जिनकी शादी हो चुकी है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का फिलहाल कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। परिजनों ने भी किसी प्रकार के विवाद या मानसिक तनाव की जानकारी नहीं दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# चिंतामणि पारसनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर में ध्वजारोहण

### दो दिवसीय धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन होंगे संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






मठकरी कॉलोनी स्थित श्री चिंतामणि पारसनाथ जैन श्वेताबर मंदिर में वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम आरंभ हो गया है। समाज अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम 28 फरवरी एवं 1 मार्च को मनाया जाएगा । उपरोक्त सभी कार्यक्रम प्रख्यात विधिकारक अमित मेहता द्वारा कराए गए। साथ ही ध्वजारोहण की पूर्व संध्या पर विख्यात संगीतकार गौतम भंडारी भजनों की प्रस्तुति दी। पावन-मनभावन गुना नगर में परम प्रभावी दिव्य चमत्कारी त्रैलोक्यनाथ श्री चिंतामणी पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर जिनालय के गगन स्पर्शी विशाल शिखर परध्वजारोहण कुम्भ स्थापना एवं दीपक स्थापना (प्रातः 8.30 बजे) सन्तर भेदी पूजन (प्रातः 9.30 बजे से) जिन मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण (प्रातः 10.55 बजे) स्वधर्मी वात्सल्य (दोपहरः 12.00 बजे से) श्री मणिभद्र हवन एवं पूजन (दोपहरः 12.39 बजे से) आरंभ हुआ। नवकारसी एवं स्वधर्मी वात्सल्य रविवार, 1 मार्च को नवकारसी (प्रातः 7.30 बजे से) ध्वजा जुलूस (प्रातः 8.00 बजे से) नारायणा गार्डन में होगा जिसमें लाभार्थी बांठिया परिवार, पदमा बांठिया आशा-अशोक बांठिया सुरभि - कपिल बांठिया हिमांशी काशीष बांठिया काम्या, मानविक, नविका, लितिषा एवं समस्त बांठिया परिवार शामिल हैं।

### बढ़ते हादसों से सदमे में है शहर की जनता, प्रशासन नहीं कर पा रहा पर्याप्त उपाय

# गुना को रिंग रोड की दरकार

## नपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री सिंधिया को पत्र लिखा





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में लगातार बढ़ते सडक़ हादसों और यातायात के बढ़ते दबाव को देखते हुए नागरिकों के बीच रिंग रोड की मांग तेज हो गई है। बढ़ते सड़क हादसों से शहर की जनता भारी सदमे में है। ऊपर से प्रशासन इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कोई कारगर उपाय नहीं कर पा रहा है यह स्थिति लोगों को और भी ज्यादा कचोटने लगी है। इन्हीं सब परिस्थितियों को देखते हुए अब नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने गुना को रिंग रोड की सौगात दिलाने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। शनिवार को उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पृथक-पृथक पत्र लिखकर रिंग रोड निर्माण की स्वीकृति और कार्य शीघ्र शुरू कराने का विनम्र अनुरोध किया है।

### सिंधिया को याद दिलाया 2002 का वह संकल्प

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लिखे पत्र में नपाध्यक्ष ने भावुकता के साथ पुराने संदर्भों का जिक्र किया है। उन्होंने स्मरण कराया कि वर्ष 2002 में छात्र संघ चुनाव के दौरान दो छात्रों की सडक़ दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी। उस समय तत्कालीन छात्र संघ अध्यक्ष प्रीति गुप्ता एवं छात्रों की मांग पर सिंधिया ने ही शहर को बायपास की सौगात दी थी। श्रीमती गुप्ता ने पत्र में उल्लेख किया कि वर्तमान में शहर का विस्तार होने और ट्रैफिक बढने के कारण दुर्घटनाओं का ग्राफ फिर से बढ़ गया है, जिसे देखते हुए अब गुना को एक व्यवस्थित रिंग रोड की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने वाले सिंधिया इस मांग को अवश्य पूर्ण करेंगे।

### मुख्यमंत्री से सुरक्षा और सुगम आवागमन की अपील

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भेजे गए पत्र में नपाध्यक्ष ने गुना नगर पालिका क्षेत्र की गंभीर स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गों पर भारी वाहनों और बढ़ते यातायात के कारण नगरवासियों की सुरक्षा खतरे में है। रिंग रोड न होने के कारण शहर के भीतर जाम और हादसों की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि भाजपा सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों के तहत गुना को रिंग रोड की सौगात प्रदान की जाए, ताकि जनता को गंभीर खतरों से निजात मिल सके और आवागमन सुगम हो सके। नपाध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि रिंग रोड का निर्माण होता है, तो पूरी नगर पालिका परिषद और शहर की जनता शासन की सदैव ऋणी रहेगी।

### गरीब बेटियों के डाकघर में 500 सुकन्या खाता खुलवाने का संकल्प

#### संचार मंत्री सिंधिया से प्रेरित हुए श्री राधा ऑर्नामेंट गैलरी प्राइवेट लिमिटेड गुना

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की प्रेरणा से भारतीय डाक विभाग के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, विनीत माथुर जी के मार्गदर्शन में अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी के नेतृत्व में गुना डाक संभाग में सुकन्या सुरक्षा अभियान के तहत 10 साल तक की बेटियों के सुकन्या खाते खोले जा रहे हैं। गुना के सांसद एवं संचार मंत्री श्री सिंधिया द्वारा विगत वर्ष लिए गए संकल्प से 1 मई 2025 के बाद जन्मी बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते स्वयं की निधि से खुलवाएं जा रहे हैं। इसी बात से प्रेरणा लेकर अंचल के समाजसेवी व व्यवसाई श्री राधा आर्नामेंट गैलरी प्राइवेट लिमिटेड गुना के डायरेक्टर राजेश कुमार सोनी,नरेश कुमार सोनी, दिनेश कुमार सोनी ने अधीक्षक डाकघर गुना ओपी चतुर्वेदी के अनुरोध पर गुना अंचल की आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित वर्ग की 500 सुकन्याओं के खाते खुलवाए जो उनके समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं । इस पवित्र उद्देश्य से 10 वर्ष तक की बालिकाओं के 500 यह खाते डाकघर में खुलवाए गए हैं। चतुर्वेदी ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षित व आर्थिक रूप से समृद्ध बनाए जाने के स्वप्न को साकार करने हेतु मे. राधा ऑर्नामेंट गैलरी, गुना का यह पुनीत कार्य कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना से प्रेरित होकर किया हैं। भारतीय डाक विभाग गुना शहर के समाजसेवी राजेश कुमार सोनी,नरेश कुमार सोनी, दिनेश कुमार सोनीडायरेक्टर श्री राधा ऑर्नामेंट गैलरी प्राइवेट लिमिटेड, गुना के मानवीय व विकासोन्मुखी दृष्टिकोण व की हृदय से सराहना करता है। अधीक्षक डाकघर गुना चतुर्वेदी ने बताया कि शहर के समाजसेवी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग बढ़चढ़ कर दे रहे हैं, सबसे पहले शहर की प्रथम नागरिक सविता अरविंद गुप्ता ने 151 दूसरे प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री आनंद लोढ़ा ने 501 बच्चियों के खाते डाकघर में स्वयं की निधि से खुलवाएं , गुना डाक संभाग शहर के अन्य गणमान्य नागरिकों से भी बच्चियों के सुकन्या खाते डाकघर में खुलवाने की अपील भी करता हैं। इस पुनीत कार्य में विकास अधिकारी शिवकुमार रघुवंशी एवं गुना मध्य एवं पश्चिम उप संभाग के डाक कर्मियों की भूमिका सराहनीय रही।



# सड़क सुरक्षा को लेकर, बजरंगगढ़ बायपास पर अतिक्रमण हटाया गया






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने त्वरित संज्ञान लिया है। ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नाराज़गी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सघन जांच और नियमित चेकिंग के निर्देश दिए हैं।उल्लेखनीय है कि बजरंगगढ़ बायपास स्थित मारुति सुजुकी शोरूम के सामने संचालित कान्हा धर्मकांटा (गोपाल दाल मिल) के समीप हाल ही में एक छात्र ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस घटना को प्रशासन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है।कलेक्टर के निर्देशन में तहसीलदार जी.एस. बैरवा ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया तथा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की।इसके अतिरिक्त, मारुति सुजुकी शोरूम के सामने बजरंगगढ़ बायपास की दोनों ओर किए गए स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को नियमानुसार हटाया गया। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य मार्ग की चौड़ाई सुनिश्चित करना, यातायात प्रवाह को सुचारु बनाना तथा भविष्य में संभावित दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम करना है।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता संपन्न

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना अभिषेक दुबे,जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ के मार्गदर्शन में पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला पंचायत के माध्यम से खेल एवं युवा कल्याण विभाग गुना के द्वारा जिला स्तरीय कबड्डी एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन संजय स्टेडियम गुना में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के पांचों विकासखंडो आरोन, बमौरी, राघौगढ़, गुना एवं चाचौड़ा से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत जिला प्रभारी खेल अधिकारी दुर्गेश सक्सेना द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों का परिचय लिया ।

# पिता-पुत्र डूबे, बैंक कर्मी के पिता की मौत हुई



### 10 वर्षीय मासूम की हालत नाजुक, भोपाल रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट गोपीसागर डैम पर शनिवार को एक हृदयविदारक दुर्घटना घटित हुई, जिसमें एक पिता की पानी में डूबने से मौत हो गई। जबकि उनका मासूम बेटा जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। मृतक की पहचान भुल्लनपुरा निवासी 40 वर्षीय राजेश साहू के रूप में हुई है, जो एक निजी बैंक के लोन विभाग में कार्यरत थे।

घटनाक्रम के अनुसार, राजेश अपने 10 वर्षीय पुत्र भविष्य साहू के साथ दोपहर के समय डैम पहुंचे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने बांध के किनारे अपनी बाइक खड़ी की और फिर जलाशय की ओर चले गए। कुछ ही देर बाद बोट क्लब के कर्मचारियों की नजर पानी में डूब रहे दो लोगों पर पड़ी। कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए नाव के जरिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को पानी से बाहर निकाला। हालांकि, तब तक राजेश साहू की सांसें थम चुकी थीं। बालक भविष्य की हालत अत्यंत गंभीर देख उसे तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया है। धरनावदा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। धरनावदा थाना प्रभारी एसआई प्रभात कटारे के मुताबिक, मामला संदेहास्पद है और अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह हादसा पैर फिसलने की वजह से हुआ या पिता-पुत्र ने स्वयं पानी में छलांग लगाई। पुलिस परिजनों के बयान और घटनास्थल के साक्ष्यों के आधार पर जांच को आगे बढ़ा रही है। राजेश अपने पिता से मिलने के बाद बेटे को घुमाने डैम ले गए थे, लेकिन इस सैर का अंत इतनी बड़ी त्रासदी के साथ होगा, इसकी किसी ने कल्पना नहीं की थी। इस घटना के बाद से भुल्लनपुरा क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

### गुलाबों की खेती को बढ़ावा देने के लिए लगी पुष्प प्रदर्शनी

# 'रंग उत्सव मेला' ने स्वसहायता समूहों की महिलाओं को दिया नया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना के शास्त्री पार्क में मध्य प्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित दो दिवसीय "रंग उत्सव मेला" का विधिवत शुभारंभ कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों का अवलोकन कर उनके प्रयासों की सराहना की।मेले में हर्बल गुलाल, धनिया, मिर्च, हल्दी, गुजिया, पापड़ी, गो-उत्पाद, गणेश प्रतिमा, बर्मी, मेहंदी, मूंग दाल, अगरबत्ती सहित अनेक हस्तनिर्मित एवं घरेलू उत्पाद प्रदर्शित किए गए। कलेक्टर ने प्रत्येक स्टॉल पर जाकर उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और विपणन व्यवस्था की जानकारी ली तथा महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने स्व-सहायता समूहों की दीदियों की जागरूकता और मेहनत की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका प्रयास जिले को नई पहचान दे रहा है। साथ ही बैंक ऋण का सदुपयोग कर समय पर पुनर्भुगतान सुनिश्चित करने की सलाह दी, ताकि भविष्य में अधिक ऋण सुविधा प्राप्त कर व्यवसाय का विस्तार किया जा सके। कलेक्टर ने नागरिकों से होली का पर्व हर्बल एवं प्राकृतिक गुलाल के साथ मनाने की अपील की, जिससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिले और महिलाओं की आय में वृद्धि हो। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती शिवानी पांडे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### पुष्प प्रदर्शनी में खिले हाइब्रिड फलों और गुलाबों के रंगसंभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ

मानस भवन में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं अन्य अतिथियों द्वारा किया गया। दो दिवसीय इस प्रदर्शनी में रंग-बिरंगे गुलाबों और विभिन्न फलदार पौधों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।विशेष आकर्षण के रूप में गुना के पॉलीहाउस में उत्पादित अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के गुलाब प्रदर्शित किए गए। यह आयोजन उद्यानिकी विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर ने गुलाब उत्पादन में जिले की पहचान स्थापित करने वाले किसानों को धन्यवाद देते हुए अधिकाधिक सहभागिता की अपील की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन शहरी सौंदर्य, हरित संस्कृति और उद्यानिकी आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्रदर्शनी में विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट पुष्पों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।



**समाचार संक्षेप**

## डीएनटी समुदाय की महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र एवं टूल किट मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

डीएनटी समुदाय की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत ग्राम मेराखेड़ी में स्व-रोजगार दर्जी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाण पत्र एवं टूल किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीएनटी समुदाय के स्वयं सहायता समूह की 30 महिला सदस्यों ने प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया।समारोह में उपस्थित अतिथियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली सभी महिलाओं को भोजन के साथ प्रमाण पत्र एवं सिलाई से संबंधित टूल किट प्रदान की गई।




अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कौशल विकास प्रशिक्षण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर सकती हैं तथा अन्य स्थानों पर भी रोजगार के अवसर प्राप्त कर परिवार की आय में वृद्धि कर सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान परियोजना के उद्देश्यों एवं इससे होने वाले लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाली सभी महिलाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।इस अवसर पर CARD संस्था से कपिल दुबे (स्किल सेल, भोपाल), अंकिता शर्मा (डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर), ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता जमना प्रसाद सहित अन्य अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्णकर लौटे शिवराज मीना देदला का चाचौड़ा में हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

मां नर्मदा की पावन परिक्रमा पूर्ण कर घर वापसी पर भाई शिवराज मीना देदला का आज चाचौड़ा रेलवे स्टेशन पर सभी साथियों एवं शुभचिंतकों द्वारा आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर मां नर्मदा के जयकारों के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वागत कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाचौड़ा के अध्यक्ष डॉ. संजय मीना सहित मित्र मंडल के अनेक सदस्यों ने पुष्पमालाओं से भाई शिवराज मीना देदला का अभिनंदन किया।डॉ. संजय मीना ने कहा कि मां नर्मदा की कृपा भाई शिवराज पर सदैव बनी रहे उन्होंने बताया कि मुझे पूरे 91 दिन लगे चाचौड़ा क्षेत्र से मैं अकेला था अन्य खंडवा हरदा और अन्य जिले के लोगों के साथ मैंने पदयात्रा की प्रतिदिन 30 से 35 किलोमीटर सभी साथी चलते थेऔर उनका जीवन धर्म, सेवा एवं सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे। सभी उपस्थित साथियों ने "नर्मदे हर" के उद्घोष के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साथी, कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।



### आरोन में हुआ प्रारंभिक वर्ग का शुभारंभ

# नर सेवा नारायण सेवा और इदम राष्ट्राय इदम न मम का प्रत्यक्ष दर्शन है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ : पंडित दुबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना




विश्व का सबसे विशाल सेवाभावी और अनुशासित संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल से ही अनवरत संघ के मूल मंत्र नरसेवा नारायण सेवा और इदम राष्ट्राय इदम न मम अर्थात जीवित मनुष्य और प्राणियों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है तथा सब कुछ राष्ट्र का है,इसलिए सब कुछ राष्ट्र को ही समर्पित है। को सुदूर ग्राम से लेकर कस्बा,नगर,महानगर में प्रत्येक घर में पहुंचा कर राष्ट्रीय एकता और सेवा,समरसता, समर्पण,बंधुत्व, और पराक्रम का भाव जागरण कर रहा है। उक्त उदगार आज आरोन में प्रारंभ हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारंभिक वर्ग मे बौद्धिक देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख पं. तुलसीदास दुबे ने व्यक्त किए। इस अवसर पर खंड संघचालक भगवानलाल शर्मा मंचस्थ रहे ,वर्ग में अनेक ग्रामों से आए स्वयंसेवक सहभागिता कर रहे हैं। पं. दुबे ने स्वयं सेवकों में नव ऊर्जा का संचार करते हुए कहा कि समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में संघ की आश्चर्य जनक सफलता ने संघ की कार्य पद्धति को जानने की उत्सुकता समाज में बड़ी है।संघ यानि देशभक्ति,निःस्वार्थ सेवा, अनुशासन, पराक्रम, समरसता , बंधुत्व और नर सेवा नारायण सेवा का प्रत्यक्ष दर्शन यह परिचय समाज के मन में स्थापित हुआ है। किसी भी श्रेष्ठ कार्य को उपहास,उपेक्षा,विरोध और फिर स्वीकार्यता के चरणों से गुजरना पड़ता है, वैसे ही संघ को भी इन सभी से गुजरना पड़ा किंतु श्रेष्ठ अधिष्ठान, उत्तम कार्य पद्धति के कारण संघ समाज का विश्वास जीतने में।सफल रहा। संघ कार्य कश्मीर से कन्या कुमारी और कच्छ से अरुणाचलप्रदेश तक भारत के हर कोने तक पहुंच गया है। आज भारत के कुल 924 जिलों में से 98.3प्रतिशत जिलों में संघ की शाखाएँ चल रही हैं। कुल।,6,618 खंडों में से 92.3 प्रतिशत खंडों तहसीलों में कुल 58,939मंडलों में 51,740 स्थानों पर32,147 साप्ताहिक मिलनों के माध्यम से संघकार्य का देशव्यापी विस्तार हुआ है। जो लगातार बढ़ रहा है। इन 83,129 दैनिक शाखाओं में से 59% शाखाएँ विद्यार्थियों की तथा शेष 41%शाखाएँ व्यवसायी स्वयं सेवकों की शाखाएँ। हैं। इनके माध्यम से संपूर्ण समाज को संगठित कर देश की सभी समस्याओं और चुनौतियों का समाधान करना ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य है। जिसके लिए कृत संकल्पित होकर विगत 100 वर्षों से संपूर्ण समाज में वह अनवरत कार्य कर रहा है। संपूर्ण समाज को संगठित कर देश के समक्ष उपस्थित सभी चुनौतियों और समस्याओं का समाधान करना समाज में स्थाई सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु समाज की व्यवस्थाओं में युगानुकुल निर्माण करना संघ कार्य का अगला चरण है।इस अवसर पर पं. दुबे ने प्रभावी रूप से पंच परिवर्तन जिसमें सामाजिक समरसता,कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य पालन, और स्व का बोध अर्थात स्वदेशी का प्रयोग का स्वरूप और महत्व समझाकर आग्रह किया कि राष्ट्र कार्य में सभी अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार संघ के पंच परिवर्तन अभियान से जुड़कर राष्ट्र को ज्ञान विज्ञान,शक्ति और वैभव से सम्पन्न कर विश्व गुरु के रूप में पुनर्प्रतिष्ठित करने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करें।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस पर महारुद्राभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

28 फरवरी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विश्वनाथ तिवारी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्य सभा सांसद राजा साहब श्री दिग्विजय सिंह जी के जन्मदिन के अवसर पर दीर्घायु कामना हेतु पंडित चन्द्रशेखर तिवारी जी ने महारुद्राभिषेक, पूजन, आरती पंडित चन्द्रशेखर तिवारी एवं खीर का प्रसाद वितरण मंदिर घाट जाट पुरा गुना में कराया गया।

इस अवसर पर बड़े भाई शंभूनाथ तिवारी, विश्वनाथ तिवारी, कैलाश नारायण भार्गव,कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, रमेश सेंड़ो, ओमप्रकाश शर्मा ओ .पी.त्रिपाठी, शेखर वरिष्ठ,आलोक नायक,राजेंद्र तिवारी, निकलन जैन जिनेन्द्र जैन भूरा,रणवीर सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष गुना,निकलन जैन, श्रीमती सीमा यादव अध्यक्ष महिला कांग्रेस, महेन्द्र ओझा, माधोमहाराज,राजू कोरी अध्यक्ष सेवा दल,कु. प्रीति परिहार उपाध्यक्ष महिला कांग्रेस,महेंद्र ओझा, प्रशांत शर्मा, पर्वत सिंह राणा, प्रशांत भार्गव, तरुण सेन पार्षद,राजू जाटव पार्षद,नरेंद्र कुशवाह पार्षद,भगवान सिंह अहिरवार, प्रमोद रघुवंशी पूर्व युवा अध्यक्ष,बृजलाल जाटव ठेकेदार, उमाशंकर शर्मा, मोहन नामदेव,अजय तिवारी, देवकी नंदन दुबे, आर्यन सेंड़ो, दुर्गेश ओझा, मंगल सिंह सेलर आदि उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर अस्पताल में एनएसयूआई ने बांटे मरीजों को फल



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

एनएसयूआई आरोंन के द्वारा मध्यप्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्मदिन के अवसर पर सिविल अस्पताल आरोंन में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए हैं। इसी मोके पर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष रितेश रघुवंशी ने बताया एनएसयूआई का उद्देश्य सिर्फ़ राजनीति नहीं, बल्कि मानवीय सेवा है। दिग्विजय सिंह हमेशा गरीब, किसान और कमजोर वर्ग की आवाज़ रहे हैं,उसी प्रेरणा से हम यह छोटा-सा सेवा कार्य कर रहे हैं। हम कामना करते हैं कि वे स्वस्थ रहें और समाज के लिए उनका मार्गदर्शन ऐसे ही मिलता रहे।" एवं इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष एनएसयूआई रितेश रघुवंशी ,एनएसयूई नेता राहुल रघुवंशी सराई ,जीवन रघुवंशी रोरिया ,एनएसयूआई ब्लॉक उपाध्यक्ष अंकित पनवाड़ी , विकास रघुवंशी मुंडा खेजरा,शक्ति रघुवंशी कॉलेज अध्यक्ष,विकुल जाटव, श्याम रघुवंशी आदि एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# परियोजना अधिकारी ने की पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा, शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के दिए कड़े निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

परियोजना अधिकारी गुना(डूडा) संजय श्रीवास्तव द्वारा नगर पालिका परिषद राघोगढ़ में आज पीएम स्वनिधि (प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि) तथा सीएम हेल्पलाइन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव की उपस्थिति में की गई। बैठक के दौरान परियोजना अधिकारी ने योजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर आवंटित लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए हैं। परियोजना अधिकारी ने बैंकों और संबंधित फील्ड स्टाफ को निर्देशित किया कि पोर्टल पर लंबित आवेदनों का तत्काल सत्यापन कर उन्हें स्वीकृत और वितरण जाए। समीक्षा में सिटी मिशन मैनेजर जयंती मलिक, नगर पालिका के विभिन्न शाखा से संबंधित अन्य कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे!

## सेवानिवृत्त हुए श्रीलाल वास्त्री का सम्मान



गुना। 27 फरबरी को पशु चिकित्सा विभाग गुना से 40 वर्ष की कुशल सेवाएं प्रदान करने के बाद सेवानिवृत्त हुए श्रीलाल वास्त्री का सम्मान उप संचालक डॉ समर सिंह राठौर की गरिमामयी उपस्थित में हुआ। विभाग के डा ललित लोधा डा महेन्द्र सिंह डा राघवेन्द्र सिंह डा रुपेश चौरसिया एवं योगेन्द्र लोधा भुजबेंद्र जाटव परमाल सिंह एवं परिजनों में श्रीमती इमरत विनीता निकिता राहुल लक्ष्मण लाल गौरनरेंद्र कुमार वास्त्री दिमान सिंह देवकीनंदन रामबाबू नरेंद्र नौनेरिया बाबू लाल रजक रश्मी खुशी सहित सभी परिजन उपस्थित रहे सम्मान सहित श्रीलाल ऊर्फ भक्त जी को विदाई करा कर घर लाए।

# अधिवक्ताओं एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की बैठक आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शनिवार को अशोकनगर स्थित होटल मंगल रेजीडेंसी में अधिवक्ताओं एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से "टैक्स बार एसोसिएशन, अशोकनगर (म.प्र.) के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों की उपस्थिति में संगठन का विधिवत गठन एवं पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न किया गया।

संरक्षक सदस्य, एड सुभाष जैन,अध्यक्ष एड नरेश जैन,सचिव सीए,नारायण शिवहरे,कोषाध्यक्ष सीए रोहित जैन,बैठक में निम्न सदस्यगण उपस्थित रहे।,एड महावीर जैन, एड राहुल जैन, एड रजनीश अग्रवाल, एड उत्कर्ष सर्राफ, एड वैभव जैन, एड नीरज जैन,




सीए अमित रघुवंशी, सीए सौरभ जैन एवं सीए अक्षय जैन। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि टैक्स बार एसोसिएशन, अशोकनगर (म.प्र.) कर क्षेत्र में कार्यरत पेशेवरों के मध्य समन्वय, ज्ञान-विनिमय एवं व्यावसायिक सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करेगा तथा समय-समय पर सेमिनार, कार्यशाला एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा। बैठक के अंत में एडवोकेट राहुल जैन द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया तथा संगठन की सफलता हेतु सहयोग और सक्रिय सहभागिता का आग्रह किया गया।

## जिले में पर्यावरण-संरक्षण के संदेश के साथ मनाएं होली, गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन को दें बढ़ावा

अशोकनगर। होली पर्व को पर्यावरण-संरक्षण और सामाजिक सद्भाव के संदेश के साथ मनाया जाए। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिलेवासियों से अपील की है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारे, सामाजिक एकता और उल्लास के साथ होली मनाएं। होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें। होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ का प्रयोग हो। साथ ही, प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, जल संरक्षण करने तथा पशु-पक्षियों पर रंग न डालने के संकल्प के साथ उत्सव मनाने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया जाए। आयोजित होने वाले सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निःशुल्क पंजीयन कराया जाए। यह पंजीयन जिला मुख्यालय, तहसील, नगरीय निकाय एवं पंचायत स्तर पर किया जाएगा। पंजीयन के दौरान आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी, पदाधिकारियों के नाम एवं संपर्क विवरण प्राप्त किए जाएंगे। जिला स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर नागरिकों को गो-काष्ठ आधारित होलिका दहन के लिए प्रेरित किया जाएगा। नगरीय निकायों एवं पंचायत राज संस्थाओं को इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है।

# माह फरवरी में सेवानिवृतों का सम्मान कर विदाई दी




अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार माह फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर एवं बृजविहारीलाल श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया। सम्मान समारोह में माह फरवरी 2026 में सेवानिवृत्त हुए 11 शासकीय सेवकों को शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही माह जनवरी 2026 में सेवानिवृत्त हुए 10 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी,सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा सहित संबंधित अधिकारी एवं सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के परिवरजन उपस्थित रहे।

## जिला जेल अशोकनगर में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित, कैदियों को दी गई कानूनी जानकारी



अशोकनगर। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एवं जिला न्यायाधीश प्रकाश केरकेट्टा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, विष्णु नारायण विरथरे की उपस्थिति में जिला जेल अशोकनगर का निरीक्षण, बंदियों से व्यक्तिगत रूप से साक्षात्कार एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। निरीक्षण के दौरान निरुद्ध बंदियों से उनके अधिवक्ताओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर बताया गया कि यदि किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं है तो वह विधिक सेवा प्राधिकरण से निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकता है। बंदियों को प्लीबार्गेनिंग योजना के संबंध में भी जानकारी दी गई। साथ ही बंदियों से उनके स्वास्थ्य, खान-पान एवं प्रकरणों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली गई। बंदियों से अपील की गई कि जेल सुधार गृह है। इसी क्रम में जिला जेल की पाकशाला, लाइब्रेरी, वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष एवं जेल परिसर आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर उक्त शिविर में जेल अधीक्षक ललित दीक्षित, पीएलव्ही विवेक यादव एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

## जिला न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगण हेतु राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

अशोकनगर। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा, मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य-संरक्षक, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दूरदर्शी नेतृत्व तथा माननीय न्यायमूर्ति विवेक रूसिया, प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में मेडिशन फोर नेशन कैंपन 2-0 के अंतर्गत जिला न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीशगण हेतु राज्य स्तरीय रेफरल संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम दो चरणों में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह अभियान सर्वोच्च न्यायालय की मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा प्रारंभ किया गया है, जिसका उद्देश्य मध्यस्थता योग्य प्रकरणों की समय पर पहचान, प्रभावी रेफरल एवं शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रथम चरण 14 फरवरी 2026 को जबलपुर एवं भोपाल संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु तथा द्वितीय चरण दिनांक 28 फरवरी 2026 को इंदौर एवं ग्वालियर संभाग के न्यायिक अधिकारियों हेतु आयोजित किया गया, जिससे राज्य की संपूर्ण जिला न्यायपालिका को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण सत्र ऑनलाइन माध्यम से गिरिबाला सिंह, पूर्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण फोरम, भोपाल एवं वरिष्ठ प्रशिक्षक, मध्यस्थता एवं सुलह परियोजना समिति द्वारा संचालित किए गए। प्रशिक्षण सत्रों में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि प्रभावी रेफरल ही सफल मध्यस्थता प्रणाली की आधारशिला है।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक सेमिनार सह संगोष्ठी संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार 26 एवं 27 फरवरी 2026 को एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत कृषक सेमिनार सह संगोष्ठी का आयोजन उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला अशोकनगर द्वारा कराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शीतल सत्येंद्र कलावत अध्यक्ष कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत अशोकनगर एवं पूर्व विधायक जजपाल सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह द्वारा




किसान भाइयों को परंपरागत खेती से हटकर उद्यानिकी फसलों की खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया गया और उच्च तकनीकी से खेती करने की सलाह दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र अशोक नगर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ बीएस गुप्ता के द्वारा फल, फूल, सब्जी एवं मसाला की खेती उच्च तकनीकी से करने हेतु विस्तृत जानकारी दी गई। डॉ.के. के. यादव के द्वारा सब्जी की खेती से संबंधित सलाह दी गई।

डॉ वी.के .जैन माइक्रो इरिगेशन एवं डॉक्टर त्रिवेदी द्वारा कृषकों को उद्यानिकी फसलों में लगने वाले कीट व रोगों के निदान के उपाय किसानों को बताए गए। दो दिवसीय कृषक प्रशिक्षण में कृषक संजीव धाकड़ के द्वारा मधुमक्खी पालन की जानकारी किसानों को दी गई एवं उद्यानिकी विभाग अशोकनगर द्वारा फूल,सब्जी, फल व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के उत्कृष्ट प्रादर्शो का प्रदर्शन किया गया।

## जिले में मारपीट की घटनाओं के मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी अनिल केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रानू सेन, चंदन शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी विजय केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अशोक और दीपक केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत नया गांव निवासी आकाश वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामस्वरूप वंशकार और लवकुश वंशकार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरवाह निवासी पवन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

**न्यायालय-हर्षिता शर्मा गौड़, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, के तृतीय अतिरिक्त न्यायाधीश, अशोकनगर जिला अशोकनगर (म.प्र.)**

**प्रकरण क्रमांक-22ए/2024./ व्यवहारवाद**
**सुरसाबाई........................वादिनी आदि**
**बनाम**
**मुन्नीबाई आदि......................प्रतिवादीगण**

प्रतिवादीगण की उपस्थिति बावत् प्रकाशन हेतु-
1 रवि पुत्र नारायण, जाति आदिवासी, आयु 28 साल, निवासी ग्राम लहोरा, पोस्ट व तहसील कुरवाई जिला विदिशा म. प्र.।
2 रजनी पुत्री नारायण, जाति आदिवासी, निवासी ग्राम लहोरा, पोस्ट व तहसील कुरवाई जिला विदिशा म.प्र.।
वादिनी तुरसाबाई पत्नी वारेलाल जाति आदिवासी, उम्र 70 साल, निवासी ग्राम वामोरा तहसील अशोकनगर जिला अशोकनगर म. प्र. के द्वारा वादग्रस्त भूमि स्थित ग्राम बामोरा तहसील अशोकनगर सर्वे क्रमांक 548, 511, 551, 600/3, 646, 658, 693, 694 कुल किता 7 कुल रकबा 5.350 हेक्टेयर के संबंध में एक वादपत्र उक्त प्रतिवादीगण के विरूद्ध स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किया है। जिसमें आगामी तारीख पेशी दिनांक 25.03 2026 नियत है। अत: उक्त प्रतिवादीगण को इस न्यायालय में नियत दिनांक 25.03.2026 को सुबह 10:30 बजे प्रकरण की सुनवाई व अपने पक्ष समर्थन हेतु उपसंजात हाजिर रहने के लिये इस प्रकाशन के द्वारा आहूत किया जाता है उक्त समय व दिनांक को आप स्वयं या अन्य किसी प्लीडर, अभिभाषक द्वारा उपसंजात हो सकते है, जो इस प्रकरण से संबंधित सारभान प्रश्नों का उत्तर दे सकें जिसे सम्यक अनुदेय दिये गये हो उक्त बताई गई तारीख व समय को न्यायालय में उपसंजात नही होगें तो प्रकरण में सुनवाई कर निराकरण प्रतिवादीगण की अनुपस्थिति में किया जावेगा। नियत दिनांक को अवकाश या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होने की दशा में प्रकरण अगले कार्यदिवस में लिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 23.02.2026 को जारी किया गया।

**(हर्षिता शर्मा गौड़)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड के तृतीय अति. न्यायाधीश अशोकनगर**

# नगर पालिका द्वारा की जा रही नल काटने की कार्यवाही जारी



अशोकनगर। वित्तीय वर्ष के अंतिम माह नजदीक होने से शासन द्वारा बकाया वसूली की वृद्धि हेतु निरंतर निर्देश दिए जा रहे हैं इसी तारतम्य में नगर पालिका द्वारा जलकर एवं अन्य करों की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है गत दिवस सीएमओ विनोद उन्नीतान के निर्देश पर नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा दो नल कनेक्शन काटे गए अब तक कुल आठ लोगों के नल कनेक्शन काटे जा चुके हैं नगर पालिका द्वारा बकाया राशि जमा करने हेतु सभी नागरिकों से अपील की गई है।

# दिग्विजय सिंह के जन्मदिन पर रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर




पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के 79वे जन्मदिवस पर आज अशोकनगर में रितेश जैन आज़ाद आरजेए हेल्प क्लब चैथा रक्तदान शिविर रखा गया। इस दौरान 102 यूनिट रक्त एकत्रित कर जिला चिकित्सालय को दान किया गया।

इससे पहले वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान किया। आरजेए हेल्प क्लब के संयोजक रितेश ने बताया कि दिग्विजय सिंह जी की गांधीवादी कार्यशैली आज भी शहर के युवाओं को प्रेरित करती है। यूं तो वो कभी भी जन्मदिन मनाने आदि पर विश्वास नही करते लेकिन उनका कहना है अगर फिर भी समर्थकों को कुछ करना है तो समाज के लिए करो। उसी प्रेरणा से हेल्प क्लब चार वर्षों से रक्तदान शिविर लगाते आ रहा है। और उनके संककक्ष वरिष्ठ कांग्रेसियों का सम्मान करता आया है। इस दौरान विधायक हरिबाबू राय और जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस कार्यालय पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन

अशोकनगर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के 79 में जन्म दिवस के उपलक्ष में अशोकनगर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा उनकी लंबी आयु एवं अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि दिग्विजय सिंह के द्वारा अशोकनगर को जिला बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है और आज हम गर्व से कह सकते हैं कि अशोकनगर जिला दिग्विजय सिंह की देन है। यह उपलब्धि सन 2003 में पूर्व विधायक बलबीर सिंह कुशवाहा के कार्यकाल में प्राप्त हुई वहीं राजा साहब ने अपने कार्यकाल में शिक्षा और ग्राम स्वराज और त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था लागू की थी।

## खबर संक्षेप

### युवक का शव रेल पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत रेलवे लाईन के पोल क्रमांक 1007 से 1028 के बीच एक युवक का शव रेल पटरियों पर पाया गया है। जिसकी पहचान लक्ष्मीनारायण पुत्र अनेहीलाल विश्वकर्मा निवासी आजादपुरा ललितपुर के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है।

### युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, मर्ग दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत ग्राम ऊमरी निवासी कुलदीप पुत्र अशोक रघुवंशी उम्र 27 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। पुलिस जांच कर रही है।

### 80 लीटर अवैध शराब बरामद की गई

**अशोकनगर।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम बरखेडी निवासी लाखन सिंह कुर्मी के पास से 80 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने नई वस्ती निवासी गोविंद मोगिया के पास से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### प्रभारी मंत्री ने स्वर्गीय जनकदुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की



**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला ने शनिवार को जिला अशोकनगर की तहसील नईसराय के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्यक्षेत्र सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की परम पूज्य माताजी जनकदुलारी शर्मा के निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की तथा उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रभारी मंत्री शुक्ला ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ



**अशोकनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर जिले से राष्ट्रव्यापी एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान शुभारंभ किया गया। जिला चिकित्सालय अशोकनगर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में डॉ रजनी छारी, जिला स्वस्थ अधिकारी एवं टीकाकरण अधिकारी डॉ जयकृत सिंह राजपूत की उपस्थिति में किशोरी बालिकाओं का टीकाकरण कर अभियान का शुभारंभ किया गया।

# कलेक्टर ने करीला धाम पहुंचकर मेला में तैयारियों की व्यवस्थाओं को परखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

**आस्था के केंद्र पर श्रद्धालुओं को मिलें सभी आवश्यक सुविधाएं**

जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर रंगपंचमी के अवसर पर 07 मार्च से 09 मार्च 2026 तक तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा करीला धाम आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक सुविधा एवं व्यवस्थाएं की जा रही है। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शनिवार को करीला धाम पहुंचकर करीला मेला की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा मां जानकी माता के दर्शन कर करीला मेला के सफल आयोजन की प्रार्थना की।

उन्होंने मंदिर परिसर में नवनिर्मित सीढ़ियों का विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर द्वारा मेला परिसर का भ्रमण कर चल रही तैयारियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने करीला मेला में श्रद्धालुओं को स्वच्छ पेयजल, सुगम आवागमन, स्वास्थ्य व्यवस्थाएं, मेला परिसर में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, पर्याप्त साफ सफाई,



सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि करीला मेला आने वाले श्रद्धालुओं को आस्था के केंद्र पर कोई भी परेशानी ना हो ऐसी व्यवस्थाएं की जाए। जिससे श्रद्धालु आसानी से दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, एसडीएम इसरार खान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### करीला मेला हेतु कंट्रोल रूम स्थापित किया गया

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी साकेत मालवीय द्वारा मेला की अवधि के दौरान अधिकारी/कर्मचारी का आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करने, कार्यों के सुचारू रूप से संचालन, आमजन से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से मेला मंदिर स्थित परिसर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी अनीश धाकड नायब तहसीलदार मुंगावली तथा आलोक इटोरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मुंगावली होगें। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा। कंट्रोल रूम के संचालन हेतु अधिकारियों,कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। कंट्रोल रूम के हेल्पलाईन नंबर करीला मेला में स्थापित कंट्रोल हेतु हेल्पलाईननं.9243125218, 9243130964, 9243128468, 9243121935, 9243121906 तथा 9243118658 है।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा आगामी त्यौहारों के लिए सभी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ सौहाद्र्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। सभी त्यौहार एवं उत्सव हर्षोल्लास से मने और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन के लिए नागरिकगण लकड़ी के स्थान पर गो-काष्ठ (उपलों) का अधिकाधिक उपयोग करें। उन्होंने नगरपालिका सीएमओं को निर्देश दिए कि त्यौहारों पर पर्याप्त साफ सफाई रहें। होलिका दहन स्थलों का संयुक्त टीम बनाकर निरीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि त्यौहारों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ कराई जायेगी। त्यौहारों पर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर अवगत कराये,जिससे उसका समाधान किया जा सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि त्यौहारों पर जिले में शांति व सौहाद्र्र की परम्परा



कायम रही है और इसे हमेशा कायम रखना हम सभी का दायित्व भी है। त्यौहारों पर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रहेगी। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही की जायेगी। बैठक में 02 मार्च को होलीका दहन, 03 मार्च होली, 08 मार्च को रंगपंचमी, 19 मार्च को गुडपड़वा, 20 मार्च को चैतीचांद/वीरांगना अवंतीबाई बलिदान दिवस, 21मार्च को ईद उल फितर, 27 मार्च को रामनवमी, 31 मार्च को महावीर जयंती सहित आगामी माहों में आने वाले त्यौहारों के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। शांति समिति के सदस्यों के सुझाव लिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह,संयुक्त कलेक्टर बृज विहारीलाल श्रीवास्तव,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी,एसडीओपी विवेक शर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।


## मेले में 7 दिन शेष, आने वाले लाखों लोगों के लिए बनाई गई रूपरेखा

# करीला मेला में श्रद्धालुओं के आवागमन के मार्ग तय किए, सुरक्षा व्यवस्था चुस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगपंचमी पर्व के पावन अवसर पर थाना बहादुरपुर क्षेत्र अंतर्गत स्थित करीला माता मंदिर में दिनांक 07 मार्च 2026 से 09 मार्च 2026 तक भव्य करीला मेला 2026 का आयोजन किया जा रहा है। मेले में प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए अशोकनगर पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक, बहुस्तरीय एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाई गई है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं समस्त राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में संपूर्ण मेला क्षेत्र, मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल, आवागमन मार्ग एवं संवेदनशील स्थानों को सुव्यवस्थित संचालन हेतु सेक्टर एवं उप-सेक्टर प्रणाली में विभाजित किया गया है, जहां प्रत्येक सेक्टर में जिम्मेदार अधिकारी एवं पुलिस बल की पृथक तैनाती सुनिश्चित की गई है। मेले के दौरान यातायात एवं मेले में अत्यधिक भीड़ एवं वाहनों के दबाव को नियंत्रित करने हेतु करीला माता मंदिर आने वाले समस्त मार्गों को वन-वे, टू-वे, पैदल मार्ग, वैकल्पिक मार्ग एवं प्रतिबंधित मार्ग के रूप में चिन्हित किया गया है।






### आवागमन के मार्ग

1. अशोकनगर से आने वाले श्रद्धालुः- अशोकनगर से करीला मंदिर की ओर आने वाले समस्त वाहन बेलई मार्ग से होकर ग्राम कानीखेड़ी में निर्मित पार्किंग स्थल पर पहुंचेंगे, जहां भारी वाहन पार्किंग,चार पहिया वाहन पार्किंग,दो पहिया वाहन पार्किंग बनाई गई हैं। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वाहन पार्किंग के पश्चात श्रद्धालु पैदल मार्ग से मंदिर दर्शन हेतु जाएंगे। दर्शन उपरांत अशोकनगर की ओर जाने वाले वाहनों की निकासी व्यवस्था निम्नानुसार रहेगीः-दर्शन पश्चात निकासी पार्किंग स्थल के पीछे बने नवीन वैकल्पिक निकासी मार्ग से जमुनिया, पीपलखेड़ा तिराहा, दंगलिया तिराहा होते हुए अशोकनगर की ओर प्रस्थान करेंगे।

2. सिरोंज/राजपुर मार्ग से आने वाले श्रद्धालुः- सिरोंज/राजपुर मार्ग से आने वाले समस्त वाहन पीपलखेड़ा तिराहा से दंगलिया तिराहा होते हुए ग्राम कानीखेडी में निर्धारित पार्किंग स्थलों में वाहन खड़े करेंगे तथा वहां से पैदल मंदिर दर्शन हेतु जाएंगे। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दर्शन उपरांत निकासी पार्किंग स्थल के पीछे बने नवीन वैकल्पिक निकासी मार्ग से पीपलखेड़ा तिराहा से सिरोंज/राजपुर मार्ग की ओर प्रस्थान करेंगे।

3. ललितपुर ग्राम मार्ग से आने वाले वाहनः- ललितपुर ग्राम की ओर से आने वाले समस्त वाहन केवल ललितपुर पार्किंग स्थल पर ही पार्क किए जाएंगे। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दर्शन उपरांत ललितपुर ग्राम मार्ग से आने वाले वाहन पुनः इसी मार्ग से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करेंगे।

4. मुंगावली (बांगला चैराहा) एवं विदिशा मार्ग से आने वाले वाहनः- इन मार्गों से आने वाले श्रद्धालु वाहन बमोरीशाला में निर्मित पार्किंग स्थल में क्रमशः भारी, चार पहिया एवं दो पहिया पार्किंग में वाहन खड़े करेंगे। आगे वाहन प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दर्शन उपरांत मुंगावली (बांगला चैराहा) एवं विदिशा मार्ग की ओर जाने वाले वाहन की निकासी व्यवस्था निम्नानुसार रहेगीः-दर्शन पश्चात निकासी पार्किंग स्थल के पीछे ग्राम बगवा होते हुये ग्राम गुपलिया मार्ग से अशोकनगर एवं विदिशा की ओर सुनिश्चित की गई है।

5 करीला मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाः- करीला मेला सुरक्षा हेतु लगभग 1700 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तैनात किया जावेगा, जिनमें 04 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 20 उप पुलिस अधीक्षक, 70 निरीक्षक सहित जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, विशेष सशस्त्र बल, होमगार्ड, एसडीआरएफ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त स्थानीय कोटवार, एनआरएस एवं वन विभाग का अमला भी समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्था में सहयोग करेगा। हाईटेक निगरानी एवं अपराध नियंत्रण व्यवस्थाः- मेले की सुरक्षा को तकनीकी रूप से मजबूत बनाने हेतु आधुनिक निगरानी तंत्र विकसित किया गया हैः-

संपूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा निगरानी,ड्रोन कैमरों द्वारा सतत,एरियल मॉनिटरिंग,रात्रि सुरक्षा हेतु हाई पावर सर्च लाइट,अपराध नियंत्रण दस्ता,मोटरसाइकिल क्विक रिस्पांस टीम, मोबाइल पेट्रोलिंग यूनिट,पैदल गश्ती दल,बीडीडीएस टीम ,डॉग स्क्वाड। उपरोक्त के द्वारा संदिग्ध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाएगी।

**खास बातें**

- केवल निर्धारित मार्गों से ही आवागमन करें।
- वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें।
- अपने सामान एवं मोबाइल की सुरक्षा स्वयं रखें।
- विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ, हथियार एवं आपत्तिजनक वस्तुएं प्रतिबंधित हैं।
- मंदिर परिसर में स्वच्छता बनाए रखें।
- किसी भी समस्या पर पुलिस सहायता केंद्र या हेल्पलाइन 7587619200 पर संपर्क करें।
- जुआ, सट्टा, शराब एवं अवैध मादक पदार्थ पूर्णत: प्रतिबंधित हैं।
- बच्चों को अपने साथ रखें।
- भीड़भाड़ में धक्का-मुक्की न करें।
- प्रशासन द्वारा जारी यातायात एवं सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

**इनका कहना है**

श्रद्धालुओं से अपील है कि रंगपंचमी पर्व पर मेले में लगाई गई। यातायात, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें। सुविधा हेतु करीला मेला व्यवस्था का मानचित्र, बारकोड, लिंक संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
**राजीव कुमार मिश्रा,** पुलिस अधीक्षक अशोकनगर

## सड़क सुरक्षा के सीखे गुर, राहवीर योजना के बारे में किया जागरूक




**अशोकनगर।** जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बीएसडब्ल्यू और एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं के लिए शनिवार को एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। जिला यातायात कार्यालय पहुंचे इन विद्यार्थियों ने न केवल पुलिस की कार्यप्रणाली को समझा, बल्कि सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त की।

भ्रमण के दौरान प्रधान आरक्षक जितेंद्र उरैया ने विद्यार्थियों को राज्य सरकार की राहवीर योजना के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने जानकारी दी कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर अस्पताल पहुँचाता है, तो सरकार की ओर से उसे 25,000 रुपये के पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाता है। इसका उद्देश्य दुर्घटना के समय लोगों को मदद के लिए प्रेरित करना है। महिला प्रधान आरक्षक ज्योति दोहरे और जितेंद्र उरैया ने विद्यार्थियों को यातायात विभाग में आधुनिक उपकरणों (जैसे स्पीड गन, ब्रीथ एनालाइजर) की कार्यप्रणाली समझाई। छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अपनी जिज्ञासाएं रखीं, जिनका समाधान किया।

## भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला, प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया



**अशोकनगर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान- 2026 के अंतर्गत भाजपा द्वारा शनिवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन स्थानीय राजश्री होटल में किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ पं. दीनदयाल उपाध्याय, भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने बताया कि जिला प्रशिक्षण के बाद मंडल स्तर के प्रशिक्षण शिविर आगामी समय में चरणबद्ध रूप से आयोजित किए जाएंगे। जनसंपर्क के आधुनिक साधन, सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग कार्यशाला में मुख्य वक्ता, संभाग प्रशिक्षण प्रभारी नरेंद्र बिरथरे एवं सह प्रभारी मधुसूदन भदोरिया द्वारा कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान बिरथरे ने कहा कि कार्यशालाओं का मूल उद्देश्य संगठनात्मक ,विचारधारा की गहन समझ तथा कार्यकर्ताओं के सतत प्रशिक्षण को नई दिशा प्रदान करना है। कोई भी संगठन केवल पदों और संरचना से मजबूत नहीं होता, बल्कि उसके पीछे कार्यरत प्रशिक्षित, अनुशासित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ता ही उसकी वास्तविक ताकत होते हैं। कार्यशाला को मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव अशोकनगर के पूर्व विधायक जसपाल सिंह ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री नरेश ग्वाल द्वारा किया गया एवं आभार मंडल अध्यक्ष प्रांजल जैन ने व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढौरा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाढौरा में रोगी कल्याण समिति की कार्यकारिणी सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आधारभूत संरचना विकास,प्रशासनिक व्यवस्थाओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर निर्णय लिए गए। बैठक में उपस्थित सदस्यगणएसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी, बीएममो डॉ. जयकृत सिंह राजपूत,तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव, सुधीर रघुवंशी (जिला उपाध्यक्ष, भाजपा),राकेश रघुवंशी (पार्षद, नगर परिषद), अनिल बंसल अशोक माहौर (अध्यक्ष, नगर परिषद), सीएमओ समसाद पठान, आजाद जैन (उपयंत्री, नगर परिषद), बीपीएम,बीईई,बीसीएम, बीएएम स्टोर कीपर एवं समस्त स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ उपस्थित रहे। पूर्व कार्यकारिणी बैठक के बिंदुओं की समीक्षा एवं प्रगति पर गहन चर्चा करते हुए उपरोक्त बिंदुओं पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई एवं शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**अन्य महत्वपूर्ण प्रस्ताव** नगर परिषद के माध्यम से अतिरिक्त डस्टबिन लगाने की मांग।, अस्पताल परिसर के आसपास पुनः अतिक्रमण न हो, इसके लिए नियमित निगरानी।आवश्यकतानुसार अतिरिक्त स्टाफ की मांग। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता। आवश्यक प्रस्ताव/पत्र प्रेषित करने का निर्णय। सभी कार्यों की निगरानी हेतु आंतरिक समिति गठन का प्रस्ताव। निष्कर्ष बैठक में सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साडोरा को क्षेत्र की जनता के लिए आदर्श एवं सुदृढ़ स्वास्थ्य संस्था बनाया जाएगा।

**बैठक के नवीन एवं विस्तृत बिंदु**

- जनप्रतिनिधियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सप्ताह में 2 दिन स्त्रीरोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) की ड्यूटी लगाए जाने की मांग रखी गई। आवश्यकता पड़ने पर जिला अस्पताल से अटैचमेंट के माध्यम से सेवाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया।
- अस्पताल मुख्य द्वार एवं मार्ग के बाहर अतिक्रमण के कारण मरीजों एवं एम्बुलेंस को असुविधा हो रही है। यह मांग एसडीएम के समक्ष रखी गई कि शीघ्र अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाए।
- आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करने, रात्रिकालीन ड्यूटी व्यवस्था बेहतर बनाने।
- तहसील स्तर पर रेडक्रॉस सोसायटी के गठन एवं उसकी आपत्ति निराकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने का प्रस्ताव रखा गया।
- पुरानी जर्जर सामग्री एवं स्क्रैप की सूची बनाकर नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।
- रोगी कल्याण समिति की आय बढ़ाने हेतु विभिन्न स्रोतों (जुर्माना, लाइसेंस नवीनीकरण, उपयोगकर्ता शुल्क आदि) को व्यवस्थित रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया।
- ओपीडी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन को और अधिक प्रभावी बनाने, रिकॉर्ड संधारण व्यवस्थित करने तथा दिशा-निर्देशों के अनुरूप डिजिटल अपडेट सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।
- 200 केवीए ट्रांसफार्मर स्थापना की प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु संबंधित विभाग को पत्राचार करने का निर्णय लिया गया।

## केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव से संचार मंत्री सिंधिया की मुलाकात...

# रेल सुविधाओं की कमी से जूझ रहा समूचा अंचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से जिले के सांसद और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुलाकात की है इस मुलाकात के क्या मायने में है लेकिन मुलाकात के मायने कुछ और नहीं अभी तो गुना अशोकनगर शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में रेल सुविधाओं की जो लंबी फेहरिस्त है उस फेहरिस्त को पूरा करने की मांग है।

ज्ञात हो कि अशोकनगर जिला और पड़ोसी जिले गुना और शिवपुरी रेल सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, इन जिलों की लाखों जनता यातायात के संसाधन में भी रेल सुविधाओं की कमी का दंश भोग रही है जिसके कारण यहां के लाखों नागरिकों हर रोज परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जब भी केंद्रीय मंत्री सिंधिया संसदीय क्षेत्र की यात्रा पर आते हैं तो आम जनों ने और जन प्रतिनिधि उन्हें घेर लेते हैं और मांग उठती है रेलों की लेकिन सिंधिया हर बार हर कार्यक्रम में इस बात का कोई जिक्र न कर गोल-गोल जवाब देकर अपने भाषण में तमाम तरह की मक्खन बाजी कर कार्यक्रमों से चले जाते हैं और मांग अधूरी रह जाती है। जब भी पत्रकार वार्ताओं का आयोजन होता है तब भी यही स्थिति बनती है प्रश्न का जवाब ही नहीं आता लेकिन इन सब के पीछे सीधा-सीधा आशा यही है क्षेत्र में रेलों की कमी को पूरा करने के लिए केंद्रीय मंत्री सिंधिया स्वयं रेल मंत्री से



मुलाकात कर अपने क्षेत्र के लोगों की मांगों को पूरा करना चाहते थे जो उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से सुझाव और लिखित मांग वी थी पहले भी सिंधिया क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल रेल मंत्री के पास ले जाकर मुलाकात कर चुके इन सब के मायने सीधे-सीधे यही है इस क्षेत्र में रेल सुविधाओं की कमी को पूरा किया जाना जरूरी है।

इस क्षेत्र में रेल सुविधाओं की कमी को कोरोना काल के बाद अधिकारियों ने और भी बढ़ा दिया है। यह अधिकारी स्थानीय सांसद को भी गुमराह कर रहे हैं और अधिकारी जो चाहते हैं वहीं इलाके में होता है आप अगर अधिकारियों की करतूत देखिए कि पहले उन्होंने बीना गुना के बीच ट्रेन का एक फेरा कम किया फिर बड़ी चालाकी से बीना नागदा ट्रेन का समय परिवर्तित कर दिया ताकि लोगों को इसका एहसास न हो सके और बीना गुना की कमी को पूरा किया जा सके, उल्टा जबलपुर ट्रेन को भी बंद कर दिया गया। उज्जैन देहरादून ट्रेन को जिसे स्वयं तत्कालीन रेल मंत्री माधवराव सिंधिया ने रेल मंत्री पद पर रहते हुए चलवाया था उसे भी अशोकनगर जिले से डायवर्ट कर दिया गया। यह सब मांगे तो है ही और क्षेत्र की जनता भी इस मांग पर लड़ रही है कि पहले से चल रही ट्रेनों को बंद करना इस क्षेत्र की उपेक्षा किया जाना है। इसके अलावा इंदौर तक सीधी ट्रेन की कमी आज तक पूरी नहीं हो पा रही है, यह कमी कैसे पूरी होगी यह समझ में नहीं आ रहा है। इंदौर जबलपुर ट्रेन रेल विभाग बंद कर चुका है अब इंदौर से इलाहाबाद ट्रेन की मांग जोर शोर से हो रही है रेलवे के पास एक बेहतर विकल्प है कि इंदौर अंबेडकर महू से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन को वाया गुना अशोकनगर के रास्ते चलाया जाए। ग्वालियर भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को दिल्ली तक बढ़ाया जाए, कोटा हिसार ट्रेन बीना तक बढ़ाया जाए और दिल्ली मुंबई के बीच एक नई ट्रेन शिवपुरी, गुना, अशोकनगर के रास्ते चलाई जाए।

### मांगों का इंतजार बरकरार


इस तरह की दर्जनों मांगे हैं जो तीनों जिलों के मांग पत्र का हिस्सा है और यह पूरी नहीं हुई तो जनता अपनी मांगों को पूरा करने के लिए किसी भी स्तर पर उतर सकती है। यह जनता मन बना रही है क्योंकि जनप्रतिनिधियों से जनता की मांग है पहले मांगे पूरी की जाए उसके बाद आगे की बात की जाए। ऐसी स्थिति में यह सुविधाओं की कमी को पूरा करना किसी और कि नहीं स्थानीय सांसद और संचार मंत्री सिंधिया की जिम्मेदारी है। इन मांगों के साथ वंदे भारत ट्रेन को भी इस क्षेत्र से नहीं जोड़ा गया है भोपाल से पाटलिपुत्र और भोपाल से जोधपुर के बीच में एक नई बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जाए। देखना है कि देखना है कि रेल मंत्री से मुलाकात के बाद सिंधिया की झोली में कितनी ट्रेनें आती है कितनी नई होगी कितनी ट्रेनों का विस्तार होगा और कितनी पुरानी ट्रेनों का फिर से संचालन होगा, जनता को इस सबका इंतजार है।

## पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा

# नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले में बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी का सपना दिखाकर करोड़ों रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी बंटी पर 1 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अलग-अलग युवाओं से लेने का आरोप है। वह खुद को ऊंचे राजनीतिक और प्रशासनिक संपर्कों वाला बताकर पूर्व आईएएस अधिकारी के नाम का हवाला देता था और मंत्रालय स्तर तक पहुंच होने का दावा करता था।






### 5 से 15 लाख की करता था वसूली

पीड़ित युवाओं के मुताबिक आरोपी उन्हें मंत्रालय और विभागीय अधिकारियों से सीधी सेटिंग का भरोसा दिलाता था। बदले में मोटी रकम लेकर नियुक्ति पत्र दिलाने का वादा करता। कई युवाओं से 5 लाख से लेकर 15 लाख रुपए तक की वसूली किए जाने की बात सामने आ रही है। कुछ मामलों में फर्जी नियुक्ति पत्र और जॉइनिंग से जुड़े दस्तावेज भी दिए गए, जो बाद में जांच में संदिग्ध पाए गए। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार पूछताछ में कई मंत्रालय स्तर के अधिकारियों के नाम सामने आ सकते हैं। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि कहीं यह पूरा नेटवर्क संगठित गिरोह के रूप में तो काम नहीं कर रहा था। जिले में इस मामले से हड़कंप मच गया है। बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक-युवतियां सामने आने की तैयारी में हैं। यदि सभी पीड़ित सामने आते हैं तो ठगी की रकम और बढ़ सकती है। पुलिस बैंक खातों, कॉल डिटेल और दस्तावेजों की गहन जांच में जुटी है।

### ऐसे देता था नौकरी का झांसा

खुद को बड़े अधिकारियों का करीबी बताता था पूर्व आईएएस के नाम का लेता था सहारा मंत्रालय में सीधी पहुंच का करता था दावा]

**पुलिस जांच के घेरे में ये बिंदु**

- बैंक ट्रांजेक्शन और खातों की जांच
- कॉल रिकॉर्ड और चैटिंग की पड़ताल
- क्या किसी अधिकारी की मिलीभगत?
- और कितने बेरोजगार बने शिकार?

लाखों रुपये लेकर देता था फर्जी आश्वासन कुछ युवाओं को थमाए गए संदिग्ध नियुक्ति पत्र यह भी जांच का विषय हैं।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ठगी की पुष्टि के संकेत मिले हैं। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा। वहीं पीड़ितों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई और राशि वापस दिलाने की मांग की है।

**इनका कहना है...**

हम जल्दी ही आरोपी से पूछताछ कर नियमानुसार कार्रवाई करेंगे।

मंजु मखानिया, टीआई राजगढ़

# खुजनेर मंडी में सरसों की फसल के उचित दाम नहीं मिलने पर किया चक्काजाम

## तहसीलदार, थाना प्रभारी की समझाइश के बाद खुला जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर





शुक्रवार को कृषि उपज मंडी खुजनेर में फसल के उचित भाव न मिलने से आक्रोशित किसानों ने पचोर सोयत हाईवे पर जाम लगा दिया जिसके बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ऋषभ परतेति टीआई रवि ठाकुर द्वारा किसानों को समझाइश के बाद जाम खुलवाया नीलामी चालू करवाई गई। किसान कमलेश ने बताया कि मंडी में भाव कम मिलने से जाम लगाया जिसके बाद भाव में 300 से 400 ऊपर फसल का भाव मिला है। अगली बार भी यही हालत रहे तो फिर बड़ा जाम लगाएंगे। किसान रामबाबू नागर सुमरियाहेडी ने बताया कि जब सरसों की फसल लेकर पहुंचे थे यह पर 1 हजार से 1200 कम भाव में फसल खरीदी जा रही थी भाव बढ़ाने की मांग को लेकर रोड जाम किया था। मौके पर तहसीलदार थाना प्रभारी आने के बाद फिर बोली लगवाई गई लेकिन यह के व्यापारियों ने कम नमी की फसल 5400 में खरीदी ज्यादा नमी वाली 5700 में खरीदी यह मेरे साथ भेदभाव किया गया मंडी अधिकारी बोल रहे फसल को घर लेकर जाओ 3 बाद फसल लेकर आना मेरा आने जाने का 3 हजार भाड़ा लगेगा खुजनेर मंडी में 12 बजे के बाद खरीदी प्रारंभ की जाती है और व्यापारियों द्वारा किसानों के साथ मनमानी की जा रही है

**इनका कहना है...**

मंडी में किसान परेशान हुए इसका मुख्य कारण बताया जा रहा की मंडी का देरी से खुलना। सरसों की फसल का भाव ऊपर नीचे हुआ था। जिसका निराकरण करवा कर शांति पूर्ण तरीके से खरीदी प्रारंभ करवाई गई है।

ऋषभ परतेति, नायब तहसीलदार खुजनेर

**इनका कहना है...**

सरसों ओर मसूर लेकर किसान मंडी में आए थे किसानों की शिकायत थी कि अन्य मंडी की तुलना में सही भाव नहीं मिल रहा था। मौके पर किसानों को समझाइश के बाद जाम खुलवाया खरीदी प्रारंभ करवाई गई।

रवि ठाकुर, टीआई खुजनेर

# उड़न दस्ता प्रभारी की कार्रवाई लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली जब्त



**कुरावर।** उड़न दस्ता प्रभारी डीके भिलाला के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए लकड़ी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्राली को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी अंसार पिता शाफिक खा (30) गांव ललोती का रहने वाला है, जिसे कुरावर में लकड़ी से भरे ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पकड़ा गया। आरोपी के पास लकड़ी के कोई वैध कागजात नहीं मिले, जिसके बाद वन अमले ने मौके पर पंचनामा जप्तीनमा तैयार कर ट्रैक्टर-ट्राली और लकड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। यह कार्रवाई वन मंडल अधिकारी वेणीप्रसाद दौतानिया और उपवनअधिकारी दिनेश यादव के निर्देश पर की गई। इस कार्रवाई में वन क्षेत्रफल जीपी अरमा, वन क्षेत्रपाल रणजीत गुर्जर, वनपल महेश, वाहन चालक सुमेर सिंह गुर्जर और जितेन्द्र सिंह तंवर, चैकीदार बनेसिंह आदि शामिल थे।

## कई स्थानों पर दी दबिश

# अवैध मदिरा के खिलाफ अभियान में 6 प्रकरण दर्ज, 27 लीटर शराब जब्त की



**सारंगपुर।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर दबिश दी। यह कार्रवाई कलेक्टर राजगढ़ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल के मार्गदर्शन में की गई। सारंगपुर वृत्त प्रभारी सौरभ कनासे के नेतृत्व में टीम द्वारा होटल, ढाबों एवं अन्य संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) एवं 36(I) के तहत कुल 6 प्रकरण कायम किए गए। कार्यवाही में 7 लीटर देशी मदिरा, 2 लीटर बीयर तथा 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। जब्त मदिरा का अनुमानित बाजार मूल्य 7,232 आंका गया है। इस अभियान में परीविक्षाधीन आबकारी आरक्षक इमरान खान एवं शिवम पचाई ने मौके पर उपस्थित रहकर सक्रिय एवं सराहनीय योगदान दिया। आबकारी विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध मदिरा के विरुद्ध ऐसी कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।


## हिंदू उत्सव समिति कुरावर की बैठक संपन्न, होली उत्सव की तैयारियों पर चर्चा

**कुरावर।** हिंदू उत्सव समिति कुरावर की बैठक शनिवार को अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला कुरावर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी त्यौहार होली उत्सव और रंग पंचमी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि 2 मार्च की रात्रि को होलिका दहन किया जाएगा, जबकि 3 मार्च को चंद्र ग्रहण के कारण होली का त्यौहार नहीं मनाया जाएगा। 4 मार्च को गैर और होली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति ने निर्णय लिया है कि होली उत्सव में केवल केसरिया, गुलाबी रंग और गुलाल का ही प्रयोग किया जाएगा, जबकि हरा, काला जैसे रंगों का प्रयोग वर्जित रहेगा।रंग पंचमी पर एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा, जो कुरावर गांव से खेड़ापति हनुमान मंदिर तक चल समारोह के रूप में निकाला जाएगा। जुलूस में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। समिति ने अपने सदस्यों से प्रति वर्ष 2100 का शुल्क जमा करने का आग्रह किया है, जिससे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

# कानफोड़ू डीजे किया जब्त संचालक पर एफआईआर

## प्रतिबंधात्मक आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



बोर्ड सहित अन्य परीक्षाओं के मद्धेनजर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश मिश्रा ने विगत दिनों आदेश जारी करते हुए डीजे व अन्य स्पीकर आदि बजाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया हुआ है। विशेष परिस्थिति में अनुमति लेकर ही स्पीकर बजाए जा सकते हैं। कलेक्टर के आदेश के बावजूद अत्यधिक तेज साउन्ड व बूफर के साथ डीजे बजाने पर राजगढ़ में कार्यवाही हुई है। कोतवाली पुलिस ने डीजे जब्त करते हुए डीजे संचालक पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि पुरा मोहल्ले में संतोषी माता मंदिर के समीप रात्रि करीब 8.30 बजे एक डीजे अत्यधिक तेज आवाज में बजाया जा रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डीजे संचालक लोकेंद्र पिता रमेश मेवाड़े निवासी ग्राम पाटनकलां से इस संबंध में अनुमति के कागजात मांगे लेकिन वो कोई पेपर प्रस्तुत नहीं कर पाया। ऐसे में पुलिस टीम ने डीजे जब्ती में लेते हुए संचालक लोकेंद्र पर बीएनएस की धारा 223(ए) एवं 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विवचेना में लिया है।

# पुलिस थाना छापीहेड़ा में शांति समिति बैठक संपन्न

## होली व रंग पंचमी त्योहार को लेकर मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला



**छापीहेड़ा।** आगामी होली एवं रंग पंचमी त्योहार के चलते शांति समिति मीटिंग छापीहेड़ा थाना परिसर में रखी। इस मीटिंग में कई बिंदुओं पर चर्चाओं को विस्तार पूर्वक जाना। त्योहारों के पर्व पर शांति सद्भावनाएं बनाएं रखने के लिए अपील टीआई मीणा ने की तथा नगर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे शांति समिति की बैठक में रमजान के महीने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा तथा सार्थक कार्यों को प्रेम भाव से गति दें। बैठक में थाना छापीहेड़ा टीआई हुकुम सिंह मीणा सब इंस्पेक्टर काशीराम मीणा तथा नपा अधिकारी श्री राम नागर नगर के समस्त पत्रकार एवं मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल रजक बंटी भामी अमित झंझावात समाज सेवी मुकेश चैधरी राजेश टॉक शहिद भाई दीपक पुरोहित हजारीलाल वर्मा नगर के गणमान्य नागरिक एवं सनातन धर्म के वरिष्ठ जन इस बैठक में उपस्थित थे।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**खुजनेर।** आगामी होलिका दहन एवं रंगपंचमी सहित अन्य त्योहारों को लेकर थाना परिसर खुजनेर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के साथ नगर के जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में नायब तहसीलदार ऋषभ परतेति, टीआई रवि ठाकुर जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी से अपील कि त्योहारों को आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ मनाया जाए। टीआई रवि ठाकुर ने कहा कि त्योहारों के दौरान हुड़दंग मचाने, कानून व्यवस्था भंग करने या माहौल खराब करने का प्रयास करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अफवाहों से दूर रहने और आमजनों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।



## विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत वैज्ञानिक आविष्कार और नवाचार विषय पर व्याख्यान एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. ममता खोईया ने की। उन्होंने वैज्ञानिकों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर नवाचार और शोध के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विमल लोदवाल ने किया तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल अधिकारी के रूप में विज्ञान विषय के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

# महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य व छात्र कल्याण कार्यक्रम आयोजित




**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार में आत्महत्या रोकथाम पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं चेतावनी संकेतों की पहचान विषय पर रसायनशास्त्र विभाग द्वारा यह आयोजन किया। जहां पर अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. हिमांशु चाष्टा ने करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच एवं जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण विकसित करते हैं। जिसमें कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं आत्महत्या से जुड़े संभावित चेतावनी संकेतों की पहचान हेतु प्रशिक्षित करना था।कार्यक्रम समन्वयक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार, कार्यक्रम प्रभारी भुवनेश कुमार गुप्ता, कनीज अंसारी ने विद्यार्थियों को अवसाद, सामाजिक अलगाव, व्यवहार में अचानक परिवर्तन, निराशा की भावना तथा आत्मघाती विचार जैसे संकेतों को समय रहते पहचानने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही सकारात्मक सोच, जीवन कौशल विकास, प्रभावी संवाद तथा आवश्यकता पड़ने पर परामर्श एवं सहायता प्राप्त करने के उपायों की जानकारी प्रदान की।

# एकादशी पर हुई भजन संध्या भक्ति में रमे श्रृद्धालु

## बिरजीपुरा हनुमान मंदिर पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



**राजगढ़।** फाल्गुनी एकादशी के अवसर पर शुक्रवार रात्रि स्थानीय बिरजीपुरा स्थित बड़े हनुमान मंदिर पर एक भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही भगवान को 56 भोग की प्रसादी भी अर्पित की गई। मंदिर में पूजा-अर्चना उपरान्त स्थानीय कलाकारों द्वारा भक्तिरस से सरोबार सुमधुर प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामधुन लगी भक्ति संस्थान के कलाकारों द्वारा जीमो जी जीमो, भोग लगाओ 56 भोग त्यार जी जैसी प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पूर्व राजगढ़ के स्थानीय कलाकार हर्षित मेवाड़े द्वारा खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया। गुलाब एवं विभिन्न फूलों से सजे दरबार में बाबा को बागा पहनाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया। देर रात तक चली भजन संख्या में अनेकों श्रृद्धालु उपस्थित रहे। महाआरती उपरान्त सभी को छप्पन भोग की प्रसादी वितरित की गई।

## भैंसवामाता धाम पर लगेगा 2 दिवसीय राजगढ़ होली मेला



**राजगढ़।** रंगों के पर्व में आत्मनिर्भरता एवं स्वावलंबन का भाव समाहित करने मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में सारंगपुर क्षेत्र स्थित भैंसवामाता धाम परिसर में दो दिवसीय राजगढ़ होली मेले का आयोजन किया जा रहा है। मिशन के अधिकारियों ने बताया कि 1 एवं 2 मार्च को लगने वाले इस मेले में स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा स्वयं के द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। उक्त मेले के लिए समूह की महिलाओं द्वारा गाय माता के गोबर से निर्मित कई सामान बनाए जा रहे हैं। इसका प्रमुख उद्धेश्य होली पर्व में गोबर की महत्ता को प्रतिपादित करना है।

## भाजपा की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला में बोले प्रमुख वक्ता

# भाजपा परिवारवाद से ग्रसित नहीं बल्कि कार्यकर्ता आधारित पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़






भाजपा ही ऐसी राजनैतिक पार्टी है जो प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं का निर्माण कर उन्हें कुशल नेतृत्वकर्ता बनाती है। भाजपा जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जबकि अन्य दल परिवारवाद से ग्रसित हैं। उक्त बात शनिवार को होटल संस्कृति में आयोजित भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण महाअभियान को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी पंकज जोशी ने कही। उन्होंने आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डिजिटल युग में कार्यकर्ताओं को तकनीकी ज्ञान होना अनिवार्य है। पार्टी जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यकर्ता के व्यक्तित्व निर्माण की एक निरंतर प्रक्रिया है। विचारों की मजबूती के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण की धुरी अनुशासन और आत्मानुशासन है, जिसका प्रत्येक कार्यकर्ता को पालन करना चाहिए। कार्यकर्ताओं के समर्पण ने ही भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी और अजेय पार्टी बनाया है।

### समाज का निर्माण करती है भाजपा

प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने पंच परिवर्तन विषय पर बोलते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीतिक दल नहीं, बल्कि समाज निर्माण का संगठन है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी, नागरिक अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर विचार रखे। जिला प्रशिक्षण प्रभारी जगदीश पवार ने पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण के उद्देश्य, स्तर, विषय, समय-सीमा और संगठनात्मक योजना की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

जिला संगठन प्रभारी धुरव नारायण सिंह ने कार्यशाला में कार्यकर्ताओं के निर्माण में प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया और सभी से प्रत्येक सत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यशाला में सांसद रोडमल नागर, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, विधायक मोहन शर्मा, हजारीलाल दांगी अमर सिंह यादव, प्रशिक्षण सह-संयोजक मनोज हाड़ा ने निर्धारित विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, बद्रीलाल यादव, पुरसिंह पंवार, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मोना सुस्तानी, दीपेंद्र सिंह चैहान, दिलबर यादव, केदार काका, ममता इंदौरिया, आनंद त्रिपाठी, जगदीश दास आदि उपस्थित रहे।